http://www.howtoexam.com

This question paper contains **8** printed pages.]

आपका अनुक्रमांक ....................

# 460

## B.A. (Programme) / I J-I

## HINDI LANGUAGE (B)-Paper-I

## हिन्दी भाषा (ख) - प्रश्न-पत्र - I

**(प्रवेश-वर्ष 2006/2007 और तत्पश्चात् - Non – Formal Cell/SOL के विद्यार्थियों के लिए)**

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 100**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं । किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **(10 + 10 = 20)**

(क) जिस पद पर आप आरूढ़ हुए, वह आपका मौरूसी नहीं – नदी-नाव संयोग की भाँति है । आगे भी कुछ आशा नहीं कि इस बार छोड़ने के बाद आपका इससे कुछ संबंध रहे । किन्तु जितने दिन आपके हाथ में शक्ति है, उतने दिन कुछ करने की शक्ति भी है । जो कुछ आपने दिल्ली आदि में कर दिखाया उसमें आपका कुछ भी न था, पर वह सब कर दिखाने की शक्ति आप में थी । उसी प्रकार जाने से पहले, इस देश के लिए कोई असली काम कर जाने की शक्ति



Old entrance exam solved question paper, previous year paper, and guess paper

http://www.howtoexam.com

आप में है । इस देश की प्रजा के हृदय में कोई स्मृति-मन्दिर बना जाने की शक्ति आप में है । पर यह सब तब हो सकता है कि वैसी स्मृति की कुछ कदर आपके हृदय में भी हो । स्मरण रहे धातु की मूर्तियों के स्मृति चिह्न से एक दिन किले का मैदान भर जाएगा । महारानी का स्मृति मंदिर मैदान की हवा रोकता था या न रोकता था, पर दूसरों की मूर्तियाँ इतनी हो जावेंगी कि पचास-पचपन हाथ पर हवा को टकराकर चलना पड़ेगा ।

(i) लेखक ने किस पद का यहाँ उल्लेख किया है ?

(ii) लेखक किसे क्या करने की सलाह दे रहा है ?

(iii) लेखक के अनुसार सच्चे स्मृति मंदिर का क्या तात्पर्य है ?

(iv) 'दूसरों की मूर्तियाँ इतनी हो जावेंगी कि पचास-पचपन हाथ पर हवा को टकराकर चलना पड़ेगा ।' लेखक के इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ख) अनुताप को हमने जलती हुई भट्टी कहा है और इसकी सत्यता को केवल वही अनुभव कर सकता है जिसके हृदय में कभी अनुताप की भट्टी जली हो । जिस समय नीचतम प्रकृति वाले पुरुष को अपनी नीचता की विकरालता का ज्ञान हो जाता है, जिस समय वह यह अनुभव करने लगता है कि नियंत्रित विश्व में केवल उसी का एक ऐसा जीवन है जो संसार में अनियंत्रण का संचार कर रहा है, जिस समय हृदय में छुपे हुए अपने कराल विषधर सर्प की फुँकार से वह स्वयं व्याकुल-सा हो जाता है, जिस समय उसी व्याकुलता की चरमता में वह कातर होकर उन्मादी प्राणी के समान अपने आपको भूल जाना चाहता है, जिस समय प्राचीन जीवन की एक-एक पैशाचिक क्रीड़ाएँ अपने नग्न



Old entrance exam solved question paper, previous year paper, and guess paper

http://www.howtoexam.com

रूप में उसके नेत्रों के सामने से गुज़र जाती हैं, उस समय, केवल उसी समय वह इस सत्यता का अनुभव करता है कि अनुताप काँच की भट्टी है । वह ऐसी भट्टी है कि यदि वह शरीर के अंग-प्रत्यंग को भी जला दे तो खुशी-खुशी मंजूर किया जा सकता है ।

(i) अनुताप की भट्टी किन्हें जलाती है और क्यों ?

(ii) अनुताप को काँच की भट्टी क्यों कहा गया है ?

(iii) निम्न पदबंधों के अर्थ स्पष्ट कीजिए : प्राचीन जीवन की पैशाचिक क्रीड़ाएँ, हृदय में छिपे हुए कराल विषधर सर्प ।

(iv) अनुताप शब्द में अनु उपसर्ग का प्रयोग है । इसी उपसर्ग से **पाँच** शब्द बनाइए ।

(ग) जब पक्षी मरा और पक्षिणी विरह-वेदना में तड़पी, तो एक तरफ पक्षी की प्यास-भरी आँखें, दूसरी ओर पक्षिणी की प्यार-भरी आँखें, यही था न, चारों ओर पारिवारिक जीवन का कोमल, करुण प्रवाह ! इस प्रवाह में डाकू बह गया और निकला एक भावुक मानव । बस बदल गया रेडियो और जहाँ ध्वनित था वध, लूट, डाका, वहाँ प्रतिध्वनित हुई कविता, आदि-कवि बाल्मीकि की रसवाणी ! ऊपर से दीखता है कि डाकू को यह कविता मिली, पर डाकू को नहीं, एक भावुक को ही तो कविता मिली !

(i) लेखक पक्षी और पक्षिणी के प्रसंग के माध्यम से किस भाव को ध्वनित करना चाहता है ?

(ii) 'बस बदल गया रेडियो' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।



Old entrance exam solved question paper, previous year paper, and guess paper

http://www.howtoexam.com

(iii) यह रेडियो सामान्य रेडियो से किस प्रकार भिन्न है ?

(iv) यहाँ डाकू और भावुक किसे कहा गया है और क्यों ?

2. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **(10)**

(i) लोकतांत्रिक शासन से क्या अभिप्राय है ?

(जनशिक्षा)

(ii) कुटज के किन गुणों के कारण उसे भीष्म-पितामह सदृश बताया गया है ? (कुटज)

(iii) 'तथाकथित सभ्य लोग जंगल के लोगों से अधिक सुसंस्कृत होते हैं', तर्क-सहित उत्तर दीजिए ।

(बर्बरता और संस्कृति)

(iv) प्राकृतिक आपदा लोगों को किस प्रकार संगठित करती है ?

(फिर उसी नर्मदा मैया की जय)

(v) किन बातों में ऐतिहासिक अकबर और आधुनिक प्रशासक एक से हैं, स्पष्ट कीजिए ।

(संत सीकरी में बड़े व्यस्त हैं)

(vi) निर्मला ने बहादुर की पिटाई क्यों की ? (बहादुर)

(vii) देखने को लेकर कामचलाऊपन से लेखक का क्या आशय है ? (देखो मगर ध्यान से )



Old entrance exam solved question paper, previous year paper, and guess paper

http://www.howtoexam.com

3. 'परख' उपन्यास के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **(15)**

(i) बिहारी अपनी बहन के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए कट्टो को अपना जीवनसाथी बना लेता है । बिहारी का यह निर्णय कहाँ तक उचित है ?

(ii) 'बाल विधवा कट्टो की शिक्षा के प्रति लगन उसके जागृत एवं क्रांतिकारी व्यक्तित्व की सूचक है ।' तर्कसम्मत उत्तर दीजिए ।

(iii) सत्यधन के चरित्र की विशेषताएँ बताइए ।

(iv) सत्यधन का कट्टो से सहज लगाव क्यों हो गया ?

(v) अपने शृंगार की पोटली कट्टो किसके पास भेजती है और क्यों ?

(vi) विवाह के बाद कट्टो और बिहारी कैसा जीवन जीने का निश्चय करते हैं ?

(vii) परख उपन्यास की मुख्य समस्या क्या है ?

**अथवा**

'दस तस्वीरें' पुस्तक के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) शिक्षा की किस नई पद्धति का विकास माथुर जी ने किया ?

(लक्ष्मीनारायण माथुर : मेरे पिता)

(ii) लेखक ने डॉ. सिन्हा को 'पितामह' के नाम से क्यों संबोधित किया ?

(सच्चिदानंद सिन्हा : एक जन्मजात चक्रवर्ती)

(iii) 'वह अफसर भी थे और सिपाही भी । ' इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(किशोर जीवन ही जिसकी साधना थी : श्रीराम बाजपेयी)



Old entrance exam solved question paper, previous year paper, and guess paper

http://www.howtoexam.com

(iv) डॉ. अल्टेकर किस धारणा के अपवाद थे ?

(व्यवहारकुशल और संवेदनशील पंडित अनंत सदाशिव अल्टेकर)

(v) घोष और उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ के वादन के संदर्भ में लेखक ने किस चमत्कार का उल्लेख किया है ?

(विराट स्वर का गायक : पन्नालाल घोष)

(vi) लेखक ने पब्लिक स्कूल के किन दोषों की ओर संकेत किया है और नेतरहाट स्कूल इन दोषों से कैसे दूर रहा ?

(आस्थावान अंग्रेज शिक्षक : एफ. जी पीयर्स)

(vii) संगीत नाटक अकादमी के संदर्भ में शिशिर बाबू ने क्या सुझाव दिया ?

(मतवाला कलाकार : शिशिर भादुड़ी)

4. (क) किसी **एक** का पल्लवन कीजिए : **(5)**

(i) परिश्रम सफलता की कुंजी है ।

(ii) जब आए संतोष धन, सब धन धूरि समान ।

(iii) सादा जीवन उच्च विचार ।

(ख) निम्नलिखित गद्यांश का संक्षेपण कीजिए और उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए : **(5)**

अनुशासन जीवन के विकास और सफलता की कुंजी है । प्रकृति भी एक अनुशासन में बँधी है । समय पर सूर्य उदित व अस्त होता है, एक क्रम से ऋतुएँ आती-जाती हैं, ज्वार-भाटा के बीच भी सागर मर्यादित रहता है; एक निश्चित गति-लय से पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है, अनगिनत ग्रह-उपग्रह सौरमंडल में घूमते हैं । यदि एक क्षण के लिये भी यह व्यवस्था शिथिल हो जाए तो सृष्टि में महाप्रलय का दृश्य उपस्थित हो जाए । प्रकृति की यह बात व्यक्ति, समाज और राष्ट्र पर भी लागू होती है । अनुशासनहीन



Old entrance exam solved question paper, previous year paper, and guess paper

http://www.howtoexam.com

व्यक्ति न तो अपना भला कर सकता है न समाज अथवा राष्ट्र का । समाज के नियमों को मानना सामाजिक अनुशासन है । यदि इसका पालन न किया जाए तो सर्वत्र अराजकता फैल सकती है । युद्ध क्षेत्र में तो अनुशासन का महत्त्व सबसे बढ़कर है । इतिहास साक्षी है कि सेना की एक अनुशासित छोटी टुकड़ी एक बड़ी टुकड़ी पर भारी पड़ जाती है ।

5. किसी **एक** विषय पर विचार कीजिए : (8)

(i) प्लास्टिक की दुनिया

(ii) भारत की राजधानी दिल्ली

(iii) भिक्षावृत्ति की समस्या

6. किसी **एक** घटना/स्थिति का चित्रण कीजिए : (7)

(i) गरीब की दीवाली

(ii) वर्षा ऋतु की एक सुहावनी संध्या ।

7. (क) कोश किसे कहते हैं ? किन्हीं चार कोशों के नाम बताइए । (5)

(ख) हिन्दी शब्दकोश में प्रविष्टि के लिए निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए : (5)

हिन्दी, पर्याय, विपरीत, अनुशासन, सीढ़ी, सिंगार, आशा, उत्साह, अनुच्छेद, प्रश्न, संभव, मर्यादा, विषमता, समाज, स्वीकार, सीमा, जीवन, अनन्त, उद्भावना, राजनीति ।

8. (क) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्य-रूपांतरण कीजिए : (4)

(i) राम सबका काम देखता है । (इच्छावाचक)

(ii) डॉक्टर बेईमान है । (निषेधवाचक)

(iii) वे बुजुर्ग हैं इसलिए उनकी सेवा करनी चाहिए । (मिश्र)

(iv) वह दिन भर पढ़ता है और रात में सोता है । (सरल)



Old entrance exam solved question paper, previous year paper, and guess paper

http://www.howtoexam.com

(ख) निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए : **(4)**

(i) बच्चा रोता है । (भाववाच्य)

(ii) कपड़े धोबी ने धोए हैं । (कर्मवाच्य)

(iii) राम से लिखा नहीं जाता । (कर्तृवाच्य)

(iv) वे इस दुर्दशा को नहीं देख सकते । (कर्मवाच्य)

(ग) निम्नलिखित के पूर्ण रूप लिखिए : **(4)**

(i) आई. ए. एस.

(ii) दि. प. नि.

(iii) दि. वि. प्रा.

(iv) यूनिसेफ

(घ) विलोम शब्द लिखिए : **(4)**

(i) प्रलय

(ii) श्रद्धा

(iii) संकोच

(iv) लघु

(v) कोमल

(vi) निर्दय

(vii) शुष्क

(viii) सुगंध

(ङ) निम्नलिखित सामासिक शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए : **(4)**

(i) अंशुमाली

(ii) नीलकंठ

(iii) परोपकार

(iv) रंगमहल

---

HowToExam.com



Old entrance exam solved question paper, previous year paper, and guess paper